उम्र 12 साल, वजन 140 किलो

हर साल बढ़ जाता था 14 किलो वजन

सीमा शर्मा॥ मुंबई

12 वर्षीय तुषार (बदला हुआ नाम) का वजन 140 किलोग्राम है। इतना ही नहीं, पिछले चार सालों से हर साल उसका वजन 15 किलो बढ़ जाता था। वह जितना भी खाता, उसे कम ही लगता था। जितना खाना पूरा घर खाता था, उतना तुषार अकेला खा जाता था। बढ़े वजन की वजह से तुषार का आत्मविश्वास भी खत्म हो गया था। किसी से बात करने में उसे डर लगता था।

- मोटापे ने घटा दिया था आत्मविश्वास
- एक बार में खा जाता था 10 रोटियां
- अब एक वक्त में खा पाएगा 1 रोटी

मुलुंड निवासी तुषार के पिता नरेंद्र दोषी बताते हैं, पिछले कई सालों से तुषार की दवा चल रही थी, लेकिन वजन कम होने की बजाय बढ़ रहा था। गुरुवार को तुषार का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन करने वाले एशियन हार्ट इंस्टिट्यूट के लैप्रोस्कॉपी बेरीएटिक सर्जन डॉ. अभय अग्रवाल ने बताया कि 12 साल की उम्र में 140 किलो वजन बेहद गंभीर मामला था। आत्मविश्वास की कमी के कारण पहले तुषार की कांउसिलिंग करनी पड़ी। इसके बाद ऑपरेशन कर तुषार के पेट को छोटा कर दिया गया है। पहले 10 रोटियां खाने के बाद भी उसका पेट नहीं भरता था। अब वह एक बार में केवल आधी या एक रोटी ही खा पाएगा। डॉक्टर के अनुसार ऑपरेशन के बाद अब तुषार का वजन हर महीने 5 से 6 किलो कम होगा, इस तरह साल भर में वह 65 से 72 किलो वजन कम कर पाएगा।